
# आईडीए ने बना दिया उज्जैन रोड पर दुर्घटना और चक्काजाम स्पॉट !

नव भारत न्यूज़

**इंदौर. शहर में यातायात जाम से निजात दिलाने के लिए आईडीए कई फ्लाई ओवर ब्रिज निर्माण कर चुका है. आईडीए द्वारा शहर के विकास में हर तरह से विशेष भूमिका निभाई जाती है. ऐसा पहली बार हुआ है कि आईडीए से चूक हो गई और एक्सीडेंट जोन के साथ यातायात जाम स्पॉट का भी निर्माण कर दिया है! यह शहर के उज्जैन रोड पर बनेगा!**




आईडीए बाणगंगा से अरविंदो हॉस्पिटल के बाहर तक 145 करोड़ रुपए की लागत से डबल डेकर ओवर ब्रिज बना रहा है. डबल डेकर इसलिए कि लव कुश चौराहे पर एमआर 10 से सुपर कॉरिडोर और सुपर कॉरिडोर से एमआर 10 जाने के लिए आईडीए ने तीन तीन लेन चौड़ा ब्रिज बना दिया है. इसके ब्रिज के उपर मेट्रो रेल की लाइन है. मेट्रो लाइन और आईडीए द्वारा ही निर्मित ब्रिज के उपर से डबल डेकर ब्रिज, जिसकी ऊंचाई 75 से 80 फीट के बीच है. यह ब्रिज लवकुश चौराहे पर बाणगंगा से सीधे उज्जैन रोड पर उतरेगा. आईडीए से ब्रिज निर्माण के बड़ी चूक हो गई है. चूक ऐसी की अरविंदो हॉस्पिटल के छात्र, मरीज और आगे पेट्रोल पंप के पीछे बसी कई कॉलोनियां और अरविंदो हॉस्पिटल के सामने प्राइम सिटी सहित 15 से 20 कॉलोनियों के रहवासियों का आना जाना लगा रहता है. इधर उज्जैन से इंदौर आने जाने वाले और खासकर इंदौर से उज्जैन जाने वाले भारी वाहनों सहित सभी तरह के वाहन डबल डेकर ब्रिज से जो अरविंदो चौराहे पर उतर रहा है, का भी भारी यातायात रहेगा. यही एक्सीडेंट और चक्काजाम स्पॉट बन गया है. इससे बढ़कर यह है कि डबल डेकर ब्रिज के दोनों ओर सर्विस रोड बहुत सकरी है. वहां से निकलने वाला ट्रैफिक भी अरविंदो चौराहे से ही गुजरेगा। खास कर सुपर कॉरिडोर पर जाने के लिए वाहन चालक को बहुत मशक्कत करनी पड़ेगी. यह बात पूर्व संभागायुक्त दीपक सिंह ने ब्रिज की दीवाल को लेकर आईडीए इंजीनियरों से पूछा भी था.

### इतनी बड़ी चूक कैसे हो गई?-

यातायात के जानकार बताते हैं कि डबल डेकर ब्रिज यदि 500 सौ मीटर आगे पेट्रोल पंप को क्रॉस करके उतारा जाता तो ट्रैफिक क्रेश नहीं होता. अभी ही अरविंदो चौराहे पर यातायात जाम की समस्या बहुत बढ़ गई है और ब्रिज शुरू होने के बाद इंदौर से उज्जैन जाने वाले ट्रैफिक से क्या स्थिति बनेगी ? यह तो ब्रिज शुरू पर ही पता चलेगा. सवाल यह है कि आईडीए अधिकारियों से इतनी बड़ी चूक कैसे हो गई? सरकारी विभागों में आईडीए ही एकमात्र ऐसी संस्था है, जो हर तरह के नफा नुकसान का अध्ययन करके विकास कार्य करता है.

### एक्सपर्ट कहते हैं .....

### एक्सीडेंट की संभावना बढ़ेगी : मुदगल

आईडीए के सेवानिवृत्त अधीक्षण यंत्री ए.के. मुदगल ने कहा कि ब्रिज उतरते ही स्पीड ब्रेकर बनाना तो गलत होगा. यदि अरविंदो चौराहे से बाणगंगा या एमआर 10 जाने के लिए क्रॉस होगा तो रिस्क हो जाएगी. मेरा मानना है कि आईडीए ने इसका परीक्षण किया होगा. ब्रिज से वहां स्पीड से उतरेंगे, उस स्थिति में एक्सीडेंट होने की संभावना बढ़ जाएगी. ट्रैफिक सिग्नल तो ब्रिज उतरने साथ बनाना गलत है. मेरे हिसाब से सर्विस रोड चौड़ी होने और बीआरटीएस के रेलिंग बनाकर आगे से यू टर्न ही इसका हल हो सकता है.

### अब यह हो सकता है

आईडीए की डबल डेकर ब्रिज को लेकर चूक कहे या गलती, मगर ब्लैक स्पॉट यातायात जाम और एक्सीडेंट का तो बन गया है. अब जो हो सकता है, वह यह कि ब्रिज उतरने के साथ स्पीड ब्रेकर बनाए जाना ही रास्ता है, लेकिन उसकी कोई गारंटी नहीं की यातायात जाम नहीं होगा. या दूसरा यह है कि ब्रिज की लंबाई और लागत दोनों बढ़ाकर पेट्रोल पंप के आगे उतारा जाए. दूसरे ऑप्शन की संभावना कम है, क्योंकि उसमें ब्रिज की डिजाइन और लागत 25 करोड़ रुपए तक बढ़ सकती है.

# लौह पुरुष सरदार पटेल की 150वीं जयंती पर युवा यात्रा की तैयारी जोरों पर

- नेताओं और अधिकारियों ने किया दौरा
- मुख्यमंत्री भी होंगे शामिल

नव भारत न्यूज

**इंदौर.** सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती पर देश भर में चार यूथ (एकता) यात्राएं निकाली जा रही हैं. उक्त चार में से एक नागपुर से निकल कर यात्रा इंदौर से गुजरेगी. यात्रा इंदौर, धार, झाबुआ होते हुए गुजरात जाएगी. आज यात्रा के इंदौर आगमन और प्रस्थान करने को लेकर नेताओं और अधिकारियों ने पटेल प्रतिमा और अन्य तैयारियों का जायजा लिया. मुख्यमंत्री भी उक्त यात्रा में शामिल होंगे.



नागपुर से निकली यात्रा 25 नवम्बर सुबह बैतूल से रवाना होकर रात को इंदौर पहुंचेगी. यात्रा का रात्रि विश्राम इंदौर में ही होगा. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 26 नवम्बर को सरदार पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर यात्रा का शुभारंभ करेंगे. 26 नवम्बर को यात्रा का शहर में स्वागत कर जनसभा की जाएगी. इसके बाद इंदौर से यात्रा धार-झाबुआ होते हुए गुजरात में प्रवेश करेगी. बताया जा रहा है कि यूथ यात्रा का पूरी गरिमा, गौरव के साथ स्वागत पूरे मार्ग पर सरदार पटेल के जीवन पर आधारित चित्र, स्मरण लेख, कविता पाठ, प्रदर्शनी, एक पेड़ मां के नाम पौधारोपण, स्वच्छता, स्वदेशी प्रदर्शनी, सांस्कृतिक मण्डल प्रदर्शन, लोक नृत्य, युवा संवाद, खिलाड़ियों की सहभागिता पर पुख्ता व्यवस्थाएं करने की योजना बनाई गई. तैयारियों की समीक्षा के लिए आज सांसद शंकर लालवानी, महापौर पुष्यमित्र भार्गव, विधायक रमेश मेंदोला, कलेक्टर शिवम वर्मा, अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर अमित सिंह, निगम आयुक्त दिलीप कुमार यादव, अपर कलेक्टर रोशन राय,नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा सहित अन्य अधिकारियों ने दौरा किया.

# राष्ट्रीय महिला आयोग की जनसुनवाई 28 नवम्बर को

## आयोग की राष्ट्रीय अध्यक्ष के आने की संभावना

नव भारत न्यूज

**इंदौर**. आगामी 28 नवम्बर को राष्ट्रीय महिला आयोग के जनसुनवाई होगी. जनसुनवाई में राष्ट्रीय अध्यक्ष के आने की संभावना है.

राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष विजया किशोर रहाटकर का 28 नवम्बर को इंदौर दौरा प्रस्तावित है. आयोग द्वारा 28 नवम्बर को 'राष्ट्रीय महिला आयोग आपके द्वार-महिला जन सुनवाई' तथा इंदौर संभाग के वरिष्ठ प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करेगी. राष्ट्रीय महिला आयोग अध्यक्ष सुबह 11 बजे से दोपहर 12.30 बजे तक रेसीडेंसी कोठी में समीक्षा बैठक लेगी. बैठक में इंदौर संभाग के सभी जिला कलेक्टर्स, मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं नगर निगमों के आयुक्त तथा विभिन्न विभागों के वरिष्ठ जिला अधिकारी उपस्थित रहेंगे.

## एक नजर में

### क्रसुला फॉर्मा द्वारा क्वांटिकस्फेयर तकनीक का अनावरण

इंदौर. क्रसुला फार्मास्यूटिकल्स ने चिकित्सा क्षेत्र में एक बड़ा कदम उठाते हुए इंदौर, मध्य प्रदेश में भारत की पहली उन्नत क्वांटिकस्फेयर तकनीक लॉन्च की है, जिसके लिए कंपनी ने पेटेंट भी फाइल कर दिया है. यह तकनीकी नवाचार विशेष रूप से उन मरीजों के लिए एक बड़ी राहत के रूप में देखा जा रहा है जो लंबे समय से जोड़ों के दर्द, ऑस्टियोआर्थराइटिस और कार्टिलेज संबंधी समस्याओं से जूझ रहे हैं. इस लॉन्च के दौरान डॉ. प्रमोद नीमा, डॉ. लवलीन गुप्ता, डॉ. ए के द्विवेदी और अमेरिका से अर्तुरो ईडी जैसे प्रतिष्ठित चिकित्सा विशेषज्ञों ने उपस्थित होकर तकनीक की सराहना की. तकनीकी दृष्टिकोण से, क्रसुला फार्मा की सीटीओ डॉ. भावना गुप्ता ने स्पष्ट किया कि क्वांटिकस्फेयर एक अत्याधुनिक ड्रग डिलीवरी सिस्टम है. कंपनी के सीईओ और फाउंडर रूपेश गुप्ता ने इसे भारत के लिए गर्व का क्षण बताते हुए कहा कि यह तकनीक एथलीट्स, बुजुर्गों और मेनोपॉज के बाद की महिलाओं के लिए अत्यंत उपयोगी साबित होगी.

### आसिफ शेख ने सुनाई उमराह यात्रा की कहानी

इंदौर. कलाकार आसिफशेख एण्ड टीवी के शो 'भाबीजी घर पर हैं' में विभूति नारायण मिश्रा का प्रिय किरदार निभा रहे हैं. वह हाल ही में एक बेहद खास और रूहानी सफ़र से लौटे हैं। आसिफशेख ने हाल ही में उमराह अदा किया- जिसे मुसलमानों के लिए बेहद मुबारक और सुकून देने वाला सफ़र माना जाता है. अपनी इस आध्यात्मिक यात्रा के बारे में बताते हुए आसिफ ने कहा पिछले साल मैं पहली बार अकेले उमराह के लिए गया था. उस समय मैंने मन ही मन एक वादा किया था कि एक दिन मैं अपने पूरे परिवार के साथ लौटूंगा. इस साल वह इच्छा सबसे सुंदर तरीके से पूरी हुई. सब कुछ अपने आप ठीक तरह से हो गया. यह मेरे जन्मदिन के आसपास हुआ और हम उसी दिन मक्का पहुंचे। हमने हर रिवाज़ एक साथ निभाया, कदम-कदम पर और हर दुआ-दुआ में एकसाथ रहे। हमारे कमरे से काबा शरीफ दिखाई देता था, और उस नज़ारे के साथ सुबह उठना एक अविश्वसनीय एहसास था. सबसे ज्यादा जो बात दिल को छू गई, वह था परिवार के साथ बिताया हुआ समय.

### वीगन जीवनशैली अपनाने की स्मार्ट गाइड

इंदौर. वीगन जीवनशैली अपनाना बेहतर स्वास्थ्य, स्थिरता और करुणा की दिशा में एक सार्थक कदम हो सकता है. बहुत से लोग मानते हैं कि वीगन आहार में आवश्यक पोषक तत्वों की कमी हो सकती है, लेकिन सोच-समझकर की गई योजना के साथ संतुलित और पौष्टिक भोजन लेना पूरी तरह संभव है. वीगन बनना केवल जानवरों से प्राप्त खाद्य पदार्थों को हटाने भर का विषय नहीं है, बल्कि विविध पौध-आधारित खाद्य पदार्थों से भरपूर, संपूर्ण और पौष्टिक थाली बनाना है. मैक्स हेल्थकेयर, दिल्ली की रीजनल हेड ऑफ डायटेटिक्स, ऋतिका समद्दार के अनुसार, स्वस्थ वीगन आहार की नींव संपूर्ण और न्यूनतम प्रोसेस्ड खाद्य पदार्थों पर आधारित होती है. वह सलाह देती हैं कि थाली का आधा हिस्सा रंग-बिरंगे फलों और विभिन्न प्रकार की सब्ज़ियों से भरें, द हिस्सा दालों जैसी हेल्दी प्रोटीन से और शेष द हिस्सा ब्राउन राइस, साबुत गेहूं, मिलेट्स जैसे साबुत अनाजों से पूरा करें. साथ ही, स्वस्थ वसा के लिए नट्स—विशेषकर कैलिफ़ोर्निया बादाम- शामिल करने से आहार और अधिक संतुलित बनता है. ये बादाम 15 आवश्यक पोषक तत्वों से भरपूर होते हैं.

### यूवा ने पेश की लिमिटेड एडिशन लॉन्ग बुक्स

इंदौर. भारत की महिला क्रिकेट टीम ने टूर्नामेंट के 50 साल के इतिहास में पहली बार आईसीसी महिला विश्वकप जीतकर ऐतिहासिक कामयाबी हासिल की. इस असाधारण उपलब्धि के सम्मान में नवनीत एज्युकेशन लिमिटेड के ब्रांड यूवा ने 'विमेंस वर्ल्ड कप लॉन्ग बुक्स' की लिमिटेड एडिशन सीरीज पेश की है. यह खास कलेक्शन टीम की जज़्बे, उनकी दृढ़ता और उस जुनून को सलाम करता है जो पूरे देश के क्रिकेट प्रेमियों को एक साथ जोड़ता है. यूवा के चीफ़ स्ट्रैटेजी ऑफिसर अभिजीत सान्याल ने कहा भारत के लिए क्रिकेट सिर्फ एक खेल नहीं, बल्कि एक भावना है. हमारी महिला टीम की यह ऐतिहासिक जीत भारतीय क्रिकेट के नए दौर की शुरुआत है. यूवा में हमारा उद्देश्य इस उपलब्धि का जश्न ऐसे अंदाज़ में मनाना था, जो हर युवा लड़की को बड़े सपने देखने और मेहनत करने के लिए प्रेरित करे. हमारी लिमिटेड एडिशन विमेंस वर्ल्ड कप लॉन्ग बुक उनके प्रति हमारा छोटा-सा सलाम है और इस बात की याद दिलाती है कि ताक़त और हिम्मत की कोई सीमा नहीं होती.

### लॉर्ड्स मार्क ने रेनालिक्स का अधिग्रहण किया

इंदौर. लॉर्ड्स मार्क इंडस्ट्रीज़ लिमिटेड ने बेंगलुरु स्थित मेड-टेक इनोवेटर रेनालिक्स हेल्थ सिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड में 85% हिस्सेदारी का अधिग्रहण करने की घोषणा की है. रेनालिक्स भारत की पहली पूर्णतः स्वदेशी, एआई और क्लाउड-सक्षम स्मार्ट हीमोडायलिसिस मशीन का विकासकर्ता है. इसके साथ ही, रेनालिक्स अब लॉर्ड्स मार्क इंडस्ट्रीज़ का आर एंड डी आर्म बनेगा और किडनी तथा लिवर से संबंधित मेडिकल डिवाइस के क्षेत्र में आगे शोध कार्य जारी रखेगा. यह अधिग्रहण भारत में बढ़ते क्रॉनिक किडनी डिज़ीज़ के बोझ को कम करने के उद्देश्य से, अगली पीढ़ी की मेडिकल टेक्नोलॉजी में लॉर्ड्स मार्क इंडस्ट्रीज़ के विस्तार की एक महत्वपूर्ण रणनीतिक पहल है. अधिग्रहण पर टिप्पणी करते हुए सच्चिदानंद उपाध्याय, मैनेजिंग डायरेक्टर लॉर्ड्स मार्क इंडस्ट्रीज़ लिमिटेड ने कहा रेनालिक्स में हमारा निवेश भारतीय हेल्थकेयर के भविष्य में किया गया एक दूरदर्शी कदम है—जहाँ अत्याधुनिक मेड-टेक भारत में ही डिजाइन, इंजीनियर और निर्मित की जाती है, भारत और विश्व के लिए/ डायलेसिस को एक महँगी और भारी इंफ्रास्ट्रक्चर वाली सेवा से आगे बढ़कर स्मार्ट, कनेक्टेड और रोगी-केंद्रित अनुभव में बदलने की आवश्यकता है.

# संघ के दत्तात्रेय होसबोले 29- 30 को इन्दौर में

नव भारत न्यूज

**इंदौर. राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ शताब्दी वर्ष के कार्यक्रम में भाग लेने सरकार्यवाह 29 और 30 नवंबर को इंदौर आ रहे है. इस दौरान सरकार्यवाह संघ के विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे.**

आरएसएस के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबोले दो दिवसीय दौरे पर 29 नवंबर को इंदौर आएंगे. होसबाले पूरे साल विभिन्न समाजिक लोगों से संपर्क एवं संवाद करते हैं. संघ स्थापना के शताब्दी वर्ष में सरकार्यवाह 29 नवंबर की सुबह मालवा प्रांत के जनजातिय समाजों प्रमुखों के साथ संवाद सत्र में शामिल होंगे. आप इसी दिन शाम को चिमनबाग मैदान में महानगर की चयनित महाविद्यालयीन शाखा टोलियों के एकत्रीकरण में भाग लेंगे. सरकार्यवाह 30 नवंबर को रवीन्द्रनाट्य गृह में संघ स्थापना के 100 वर्ष में आयोजित संवाद एवं व्याख्यान सत्र में सम्मिलित होंगे. कार्यक्रम में सरकार्यवाह संघ यात्रा के 100 वर्ष एवं हिन्दुत्व विषय पर व्याख्यान देंगे. एक दिसंबर की प्रातः उज्जैन महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग के दर्शन करके भोपाल जायेंगे.

# कंपनी सचिव का कार्यक्षेत्र हो रहा हो रहा विस्तृत



- नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल पर नेशनल कॉन्क्लेव का आयोजन

**इंदौर. भारतीय कंपनी सचिव संस्थान ( आईसीएसआई ) के इंदौर चैप्टर द्वारा नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल ( एनसीएलटी ) विषय पर एक राष्ट्रीय कॉन्क्लेव का आयोजन किया गया.**

संस्थान के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सीएस पवन चांडक ने इंदौर चैप्टर के सदस्यों एवं छात्रों को संबोधित करते हुए कंपनी अनुपालन एवं एनसीएलटी की बदलती भूमिका पर अपने महत्वपूर्ण विचार साझा किए. उन्होंने कहा कि बदलते कॉर्पोरेट वातावरण में कंपनी सचिव का कार्यक्षेत्र लगातार विस्तृत हो रहा है और एनसीएलटी इसमें एक महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है. प्रोग्राम डायरेक्टर सीएस आशीष करोड़िया ने बताया की नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल भारत सरकार द्वारा स्थापित एक क़ानूनी निकाय है, जो मुख्य रूप से कंपनियों से संबंधित मामलों को सुनने और उनका निपटारा करने के लिए कार्य करता है. कंपनी सचिव कंपनियों की और से एनसीएलटी में मामलों की पैरवी कर सकते हैं.

इंदौर चैप्टर के चेयरमैन सीएस अमित कुमार बारंगे ने बताया कि इस अवसर पर संस्थान के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं अपीलेट अथॉरिटी के सदस्य सीएस आशीष गर्ग, पश्चिमी क्षेत्रीय परिषद् के अध्यक्ष सीएस ऋषिकेश वाघ एवं उपाध्यक्ष सीएस अनुराग गंगराड़े की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई.

### महत्वपूर्ण विषयों पर दिया मार्गदर्शन

सेमिनार में विशिष्ट फैकल्टी सदस्यों मे सीएस डॉ. डी के जैन , सीएस निसार अहमद , सीएस वी एन दुबे, सीएस प्रतीक त्रिपाठी , सीएस मंजु मुंद्रा, सीएस अनमोल झा , सीएस रोहित दुबे ने एनसीएलटी प्रक्रिया, केस स्टडीज़, अनुपालन, व कॉर्पोरेट गवर्नेंस जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत मार्गदर्शन प्रदान किया. कार्यक्रम का मंच संचालन सीएस हेमंत पाटीदार द्वारा किया गया. इस विशेष कार्यक्रम में 100 से अधिक सदस्यों एवं छात्रों ने सक्रिय उपस्थिति दर्ज कर कार्यक्रम को सफल बनाया.

# पीएनबी द्वारा एमएसएमई आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन

**इंदौर.** पंजाब नैशनल बैंक द्वारा लघु और मध्यम उद्योगों को बढ़वा देने के उद्देश्य से एमएसएमई आउटरीच का आयोजन देशभर की सभी शाखाओं में एक साथ किया गया. इंदौर मंडल के सभी जिलों में स्थित शाखाओं में भी उक्त आयोजन किया गया. इंदौर में मुख्य आयोजन जीएसआईटी एस के परिसर में स्थित शाखा में हुआ.




कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एसजीएसआईटीएस के डायरेक्टर नीतेश पुरोहित, एसजीएसआईटीएस इनक्यबेशन फोरम के सीईओ अपूर्व गायवक एवं सी21 ग्रुप के सीएफओ दीपक पाटीदार रहे. कार्यक्रम में पीएनबी प्रधान कार्यालय से जनरल मैनेजर निधि भार्गव ने भी भाग लिया. इस संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए इंदौर मंडल प्रमुख अनिल कुमार अनल ने बताया कि पंजाब नैशनल बैंक ने लघु और मध्यम उद्योगों को बढ़ावा देने हेतु काफी लोन स्कीम चलाई है जो छोटे और मध्यम श्रेणी के उद्योगपतियों को बेहद लाभकारी है. बैंक अपने ग्राहकों को अत्यंत कम दर पर उद्योग धंधे लगाने हेतु लोन सुविधाएं उपलब्ध करवा रही है. इंदौर मंडल की 70 से भी अधिक शाखाओं में यह आयोजन हुआ. बैंक की जीएसआईटीएस परिसर में स्थित शाखा में ग्राहकों को एमएसएमई से संबंधित लोन स्कीम की जानकारी दी गई. साथ ही पात्र ग्राहकों के ऋण तत्काल स्वीकृत भी किए गए. ग्राहकों के मार्गदर्शन हेतु बैंक के लोन विशेषज्ञ अधिकारी आउटरीच कार्यक्रम में मौजूद रहे.

इस आउटरीच कार्यक्रम में एसएसएमई ग्राहकों द्वारा 300 करोड़ के ऋण प्रस्ताव प्राप्त हुए. इस अवसर पर प्रधान कार्यालय से पधारी जीएम मैडम ने बताया कि बैंक समय समय पर आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन ग्राहकों के साथ संपर्क बनाने के लिए करता रहता है. एमएसएमई ऋण संबंधी पूछताछ करने हेतु कई ग्राहकों ने शाखाओं में संपर्क किया. कार्यक्रम में धन्यवाद ज्ञापन उप मंडल प्रमुख सोमनाथ राय ने किया.

# जीएसीसी में रोजगार मेला 1 दिसंबर को

- 600 युवाओं को नौकरी दिलाने का लक्ष्य

नव भारत न्यूज

**इंदौर.** जिला प्रशासन इस बार गवर्मेंट आर्टस एवं कॉमर्स कॉलेज में 1 दिसंबर को रोजगार मेला लगाएगा. इसके तहत करीब 6 सौ युवाओं को निजी कंपनियों और संस्थानों में नौकरी दिलाई जाएगी. एक दिवसीय युवा संगम कार्यक्रम के तहत सुबह 10 से शाम 4 बजे तक मेला लगेगा.

शासन के निर्देश पर इन्दौर जिले के युवाओं को निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कम्पनियों में नौकरी दिलाने के लिए लगातार रोजगार मेले आयोजित किए जा रहे हैं. जिला प्रशासन द्वारा आयोजित युवा संगम कार्यक्रम के तहत 1 दिसम्बर को प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेन्स अटल बिहारी कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय में भँवरकुआं पर रोजगार मेला लगाया जा रहा है. उप संचालक रोजगार पी.एस. मण्डलोई ने बताया कि उक्त मेले में आवेदकों को कॅरियर बनाने का सुनहरा अवसर है. युवाओं को नौकरी के साथ स्वयं का व्यवसाय प्रारम्भ करने के लिए लोन की प्रक्रिया की जानकारी भी दी जाएगी. मेले के माध्यम से कई प्रतिष्ठित कम्पनियों में 600 युवाओं को नौकरी दिलाने का लक्ष्य रखा गया है. उक्त मेले में 18 से 40 वर्ष के आवेदक जो की पाँचवीं/आठवीं /हाईस्कूल से लेकर स्नातकोत्तर किसी भी विषय में पास है. ऐसे युवा आवेदन कर सकेंगे.

# थर्ड-पार्टी मोटर इंश्योरेंस लेना अनिवार्य

**इंदौर.** भारत में कई गाड़ियों के मालिक यह मानते हैं कि थर्ड-पार्टी इंश्योरेंस लेना ऑप्शनल है. यह एक आम भ्रांति है, जो अक्सर दोस्तों, पड़ोसियों या स्थानीय एजेंटों के माध्यम से फैलती है. लेकिन सच्चाई यह है कि थर्ड-पार्टी मोटर इंश्योरेंस लेना अनिवार्य है. यह सिर्फ एक औपचारिकता नहीं, बल्कि आपकी और दूसरों की सुरक्षा के लिए बेहद ज़रूरी है। यह न केवल एक कानूनी आवश्यकता है बल्कि फाइनेंशियल प्रोटेक्शन के लिए भी बहुत जरूरी है.

यह जानकारी साझा करते हुए फोनपे इंश्योरेंस के सीईओ विशाल गुप्ता ने बताया कि मान लीजिए कि यदि आपका स्कूटर गलती से किसी से टकरा जाए या आपकी कार किसी की दुकान में घुस जाए. ऐसे मामलों में हुए नुकसान की भरपाई लाखों या करोड़ों रुपये तक जा सकती है, क्योंकि ऐसे मामलों में मुआवजे की कोई सीमा नहीं होती. ऐसी स्थिति में, गाड़ी के मालिक को न केवल जुर्माने और कानूनी पचड़ों का सामना करना पड़ सकता है, बल्कि आपकी जेब पर भारी-भरकम खर्च भी पड़ सकता है. यही कारण है कि मोटर वाहन अधिनियम, 1988 के अंतर्गत थर्ड-पार्टी इंश्योरेंस को कानूनी रूप से अनिवार्य किया गया है. कम्प्लायंस और फाइनेंशियल प्रोटेक्शन के साथ-साथ, यह एक जिम्मेदार नागरिक होने का प्रतीक भी है. थर्ड-पार्टी मोटर इंश्योरेंस होने से ड्राइविंग की ज़िम्मेदारी और सुरक्षा भी बढ़ती है. फोनपे इंश्योरेंस ने इस सुरक्षा कवच को हर किसी के लिए सुलभ और आसान बनाने का बीड़ा उठाया है. फोनपे पर आप शीर्ष बीमा कंपनियों के कोट्स की तुलना कर सकते हैं और अपनी जरूरत के हिसाब से सही इंश्योरेंस चुन सकते हैं. न कागजी कार्रवाई की झंझट, न एजेंट के कमीशन का झंझट, और न ही कोई छुपा हुआ शुल्क. पूरी प्रक्रिया डिजिटल है और इसे सिर्फ पाँच मिनट में पूरा किया जा सकता है. चाहे आप किसी मेट्रो सिटी में रहते हों या किसी टियर-3 टाउन में, फोनपे की रियल-टाइम पॉलिसी ट्रैकिंग सुविधा से आप अपनी पॉलिसी को आसानी से खरीद कर सकते हैं.

## एक नजर में | द साइंस ऑफ स्केलिंग 100× दो दिवसीय कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न

# विकास के लिए अपनी विशिष्ट ताकत पहचाननी होगी

**इंदौर.** इंदौर मैनेजमेंट एसोसिएशन द्वारा रेडिसन ब्लू में आयोजित दो दिवसीय द साइंस ऑफ स्केलिंग 100× कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इस सत्र का नेतृत्व जाने-माने व्यवसाय रणनीतिकार, स्पाइरल ग्रोथ स्ट्रेटजी के अनुज मित्तल ने किया, जो एक पूर्व बीसीजी और पीएनजी प्रोफेशनल हैं और अपने उद्यम को लगभग 1,500 गुना बढ़ाने के लिए प्रसिद्ध हैं.

श्री मित्तल ने अपने 25 वर्षों के गहन शोध और व्यावहारिक अनुभव के आधार पर प्रतिभागियों को 100× स्केलिंग के लिए आवश्यक गहन रणनीतियाँ और व्यक्तिगत जीनियस पैटर्न की पहचान करने के तरीके सिखाए. श्री मित्तल ने पेशेवरों से अगले 2-5 वर्षों के लिए अपनी उपलब्धियों को स्पष्ट रूप से परिभाषित करने का आह्वान किया और कहा कि विकास के लिए सबसे पहले अपनी विशिष्ट ताकतें पहचाननी होंगी. उन्होंने बढ़ते एआई फोमो पर चर्चा की और स्पष्ट किया कि सामान्य एआई किसी भी व्यवसाय को स्थायी प्रतिस्पर्धात्मक लाभ नहीं दे सकता. इसके बजाय, डेटा का समझदारी से उपयोग करने और दीर्घकालिक क्षमताएँ विकसित करने पर ध्यान देना चाहिए. मित्तल ने जोर दिया कि वास्तविक विकास तभी संभव है जब संगठन के सभी विभाग एक-दूसरे के साथ समन्वय में काम करें, न कि अलग-अलग.





### मुद्दा ग्राहक को समझने का...

दूसरा दिन उन्नत प्रशिक्षण सत्र पर केंद्रित था, जिसमें बिज़नेस डेवलपमेंट, डिमांड जनरेशन, सेल्स स्ट्रैटेजी और मार्केट सेगमेंटेशन के गहन सिद्धांतों पर काम किया गया. श्री मित्तल ने प्रतिभागियों से कहा, मुद्दा अधिक बेचने का नहीं, बल्कि ग्राहक को अधिक समझने का है. उन्होंने सिखाया कि बाज़ार की मांग को उत्पाद नहीं, बल्कि ग्राहक की आवश्यकता निर्धारित करती है. ग्राहकों को समझने के लिए पाँच महत्वपूर्ण आधार बताए गए- फीचर्स, बेनिफिट्स, डिमांड, प्राइस, और नीड. वर्कबुक गतिविधियों के माध्यम से प्रतिभागियों ने रणनीतिक सेगमेंटेशन ग्रिड तैयार किया. अंतिम सत्र में प्रत्येक व्यक्ति की सबसे बड़ी उपलब्धियों में प्रमुख भूमिका निभाने वाले जीनियस पैटर्न की खोज पर ध्यान केंद्रित किया गया. श्री मित्तल ने कहा आपकी असली शक्ति आपके अपने जीनियस पैटर्न में छिपी होती है.